संसद सदस्यों ने पंडित मोतीलाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 06 मई, 2016: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; राज्य सभा के उप सभापति, प्रो पी. जे. कुरियन; पूर्व उप प्रधानमंत्री और आचार समिति (लोक सभा) के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने आज पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पंडित मोतीलाल नेहरू को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में अनेक केन्द्रीय मंत्री; संसद सदस्य और भूतपूर्व संसद सदस्य शामिल थे । लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा सचिवालय के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी पंडित मोतीलाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित पंडित मोतीलाल नेहरू के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति,डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 30 मार्च 1957 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में पंडित मोतीलाल नेहरू के चित्र का अनावरण किया था।